गेल (इंडिया) लिमिटेड

# सतत परिवर्तन की ओर अग्रसर




गेल अग्रसर

## नेट जीरो

लक्ष्य 2035

# सतत विकास की झलक

2024

## नया भारत नई ऊर्जा

गेल (इंडिया) लिमिटेड

# सतत परिवर्तन की ओर अग्रसर

## सतत विकास की झलक
## 2024
### नया भारत नई ऊर्जा

'सतत परिवर्तन की ओर अग्रसर' यह थीम गेल के सतत विकास लक्ष्यों में योगदान को प्रदर्शित करती है तथा भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के साथ संरेखित है।

प्राकृतिक गैस सबसे स्वच्छ जीवाश्म ईंधन है और पेट्रोल, डीजल, कोयला आदि जैसे अन्य ईंधनों की तुलना में इसकी कार्बन तीव्रता कम है। इसलिए, अन्य उद्योगों द्वारा ईंधन के रूप में प्राकृतिक गैस का उपयोग करने से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलती है। अतः, गेल के प्रचालन से समग्र पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। भारत ने वर्ष 2030 तक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को वर्तमान में 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है।

गेल ने वितरण अवसंरचना में सुधार के लिए वर्ष के दौरान लगभग 2,300 किलोमीटर नई प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें बिछाने का कार्य सम्पन्न किया, जिससे देश भर में पाइपलाइन नेटवर्क का कुल नेटवर्क 16,243 किलोमीटर हो गया। गेल ने अपनी 15 शहर गैस वितरण (सीजीडी) इकाइयों के साथ 17 राज्यों के 72 भौगोलिक क्षेत्रों में 201 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए हैं, ताकि ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाया जा सके और प्रदूषण को कम किया जा सके, जिससे बड़े पैमाने पर नागरिकों को लाभ प्राप्त होगा। बढ़ी हुई आवश्यकता को पूरा करने के लिए अतिरिक्त प्राकृतिक गैस का स्रोत प्राप्त करना भी बहुत ही महत्वपूर्ण है। वर्ष के दौरान, गेल ने 2026 से शुरू होने वाले 10 वर्षों की अवधि के लिए लगभग 1.5 एमएमटीपीए एलएनजी की खरीद के लिए एडीएनओसी गैस और विटोल एशिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ दीर्घकालिक एलएनजी खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इसके अलावा गेल घरेलू गैस की उपलब्धता बढ़ाने के लिए पूरे भारत में 26 संपीड़ित बायोगैस संयंत्र स्थापित करेगा। इससे न केवल प्राकृतिक गैस की उपलब्धता में सुधार होगा, बल्कि किसानों को अपनी आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। गेल द्वारा ट्रूअल्ट बायोएनर्जी के साथ मिलकर सीबीजी संयुक्त उद्यम में 600 करोड़ रुपए के निवेश से 10 संयंत्रों की स्थापना की जाएगी, जिससे प्रति वर्ष 33 मिलियन किलोग्राम सीबीजी का उत्पादन किया जाएगा। गेल ने पाइपलाइन कनेक्टिविटी से वंचित क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस उपलब्ध कराने के लिए मध्य प्रदेश के विजयपुर में भारत की पहली लघु–स्तरीय एलएनजी इकाई भी स्थापित की है। अन्य अनेक परियोजनाएं भी कार्यान्वित की जा रही हैं जिनसे प्राकृतिक गैस और हाइड्रोजन जैसे अन्य स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे सरकार को अपना नेट जीरो लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।



# सतत परिवर्तन की ओर अग्रसर







## मिशन

"स्वच्छ ऊर्जा और इतर के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनानां"



## विजन

"प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला और इतर क्षेत्रों में वैश्विक उपस्थिति के साथ अग्रणी बनना। पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ हितधारकों के लिए मूल्य सृजन ।"

# क्षितिज से इतर :

## उज्जवल भविष्य की ओर गेल की यात्रा

### 2013
- ई–स्थायित्व मॉड्यूल और व्यावसायिक जिम्मेदारी रिपोर्टिंग मॉड्यूल जैसे सतत विकास सॉफ्टवेयर लाइव हो गए हैं
- महारत्न का दर्जा प्राप्त किया
- दाभोल एलएनजी टर्मिनल कमीशन किया गया
- 1,370 कि. मी. दाभोल बेंगलुरु प्राकृतिक गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित की गई
- यूएसए में कोव पॉइंट एलएनजी टर्मिनल में क्षमता बुकिंग

### 2011
- सततता कार्य शुरू हुआ
- अमेरिका में शेल गैस एक्रिज हासिल करने वाला पहला पीएसयू

### 2001
- जेएलपीएल एलपीजी ट्रांसमिशन पाइपलाइन कमीशन की गई

### 1997
- नवरत्न का दर्जा प्राप्त किया

### 1984
- गेल का गठन
- प्राकृतिक गैस संचरण एवं विपणन कंपनी

### 2012
- बोर्ड स्तर पर सतत विकास उप समिति गठित की गई
- सततता नीति प्रकाशित की गई।
- पहली सततता रिपोर्ट प्रकाशित
- सततता आकांक्षाएं 2020 तैयार की गईं
- 2,200 कि.मी. दहेज – विजयपुर – दादरी – नांगल – भटिंडा पाइपलाइन नेटवर्क राष्ट्र को समर्पित की गई है

### 1999
- पाता में प्रथम पेट्रोकेमिकल संयंत्र का उदघाटन किया गया

### 1987
- भारत की पहली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन – एचवीजे कमीशन की गई

### 2019
- जमशेदपुर, रांची और पटना में सीजीडी परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया
- 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' का पहला चरण राष्ट्र को समर्पित किया गया।
- साइटों के लिए अनिवार्य ग्रीनको रेटिंग

### 2017
- बेंगलुरु सीजीडी परियोजना का उद्घाटन
- भुवनेश्वर में पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति शुरू की गई, साथ ही सीएनजी स्टेशनों का उद्घाटन भी किया गया।

### 2015
- सततता चार्टर तैयार किया गया
- जगदीशपुर–हल्दिया–बोकारो–धामरा पाइपलाइन परियोजना का निर्माण कार्य शुरू किया गया
- पाता में पेट्रोकेमिकल उत्पादन क्षमता दोगुनी की गई

## 2021

- कोच्चि–मंगलुरु और डोभी–दुर्गापुर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का उद्घाटन किया गया

## 2018

- तालचेर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के लिए कार्य का शुभारंभ
- वाराणसी सीजीडी परियोजना का उद्घाटन
- गेल के पहले चार्टर किराए के जहाज में अमेरिका से भारत का पहला एलएनजी कार्गो प्राप्त हुआ
- रूस के साथ दीर्घकालिक संविदा के तहत पहला एलएनजी कार्गो प्राप्त हुआ
- कटक में सीएनजी स्टेशनों का उद्घाटन किया गया।

## 2016

- साइटों के लिए अनिवार्य सतत विकास परियोजनाएं
- ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स राष्ट्र को समर्पित

## 2023

- जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड का अधिग्रहण
- लगभग 15,600 किलोमीटर गैस नेटवर्क के माध्यम से गैस ट्रांसमिशन और गैस मार्केटिंग
- गेल नेट जीरो 2024 कार्य योजना तैयार की गई

## 2022

- वाराणसी में सीएनजी नौकाओं का समर्पण
- बोकारो–अंगुल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का उद्घाटन किया गया
- नेट जीरो 2040 का लक्ष्य निर्धारित किया गया

## 2024

- रिटेल एलएनजी वर्टिकल की स्थापना
- 10 मेगावॉट पीईएम इलेक्ट्रोलाइजर आधारित ग्रीन एच2 प्लांट की कमीशनिंग की गई
- 1.5 एमएमटीपीए एलएनजी दीर्घावधि समझौते पर हस्ताक्षर किए
- धामरा– अंगुल पाइपलाइन, बरौनी–गुवाहाटी पाइपलाइन, विजयपुर–औरैया पाइपलाइन का समर्पण
- 1 ट्रिलियन रुपए से अधिक के बाजार पूंजीकरण तक पहुंचना
- भारत की पहली एसएसएलएनजी स्किड कमीशन की गई
- 2040 से 2035 तक संशोधित नेट जीरो लक्ष्य



# गेल आपूर्ति श्रृंखला

## मूल्य सृजन मॉडल




- लगभग ~16,243 कि.मी. का मौजूदा गैस पाइपलाइन नेटवर्क लगभग ~3,400 कि.मी. निर्माणाधीन
- गेल द्वारा प्रचालित सीएनजी स्टेशन का कुल 40 प्रतिशत
- गेल द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 11.05 लाख नए कनेक्शनों के साथ घरेलू पीएनजी कनेक्शन का कुल 65 प्रतिशत भारत में आपूर्ति किए गए
- पॉलीथीन पोर्टफोलियो में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता
- पूरे भारत में 72 भौगोलिक क्षेत्रों में शहरी गैस वितरण करने के लिए अधिकृत
- पेट्रोकेमिकल्स में 15 प्रतिशत घरेलू बाजार हिस्सेदारी
- गेल का 400 सीबीजी संयंत्र को सहयोग करने का लक्ष्य
- देश के प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन में गेल की हिस्सेदारी ~65 प्रतिशत है
- उर्वरक क्षेत्र को बेचे गए कुल प्राकृतिक गैस का लगभग 40 प्रतिशत गेल द्वारा आपूर्ति
- बिजली क्षेत्र को बेचे गए कुल प्राकृतिक गैस का 11 प्रतिशत आपूर्ति
- 4.3 टीपीडी ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए पीईएम इलेक्ट्रोलाइजर को कमीशन किया
- ई एंड पी प्रचालन गैस क्षेत्र (13 ई एंड पी ब्लॉकों में भागीदारी)

# गेल (इंडिया) लिमिटेड

125 लाख कनेक्शन के लिए घरेलू गैस आपूर्ति

4,396 टीएमटी का एलपीजी ट्रांसमिशन

118 मेगावॉट की पवन ऊर्जा क्षमता

17 मेगावॉट की सौर ऊर्जा क्षमता

एलपीजी पाइपलाइन्स
~2,040 कि.मी.




गैस प्रसंस्करण संयंत्र (5)

98 एमएमएससीएमडी
गैस विपणन

998 टीएमटी एलएचसी बिक्री

787 टीएमटी पेट्रोकेमिकल्स बिक्री

# अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक का संदेश



प्रिय हितधारकगण,

इस वर्ष की रिपोर्ट की विषयवस्तु, ''सतत परिवर्तन की ओर अग्रसर'', हमारे प्रचालन के हर पहलू में सतत विकास को एकीकृत करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। गेल में हमारा मानना है कि वास्तविक प्रगति को न केवल वित्तीय प्रदर्शन से मापा जाता है, बल्कि पर्यावरण और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने की हमारी क्षमता से भी मापा जाता है। इसी भावना से ''गेल बोर्ड ने स्कोप 1 और स्कोप 2 ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में 100 प्रतिशत कमी के लिए अपने नेट जीरो लक्ष्य को वर्ष 2040 से वर्ष 2035 तक पांच साल कम करने की मंजूरी दे दी है। इससे गेल की पर्यावरण, सामाजिक और नियंत्रण (ईएसजी) रेटिंग में सुधार करने में मदद मिलेगी, जिसके परिणामस्वरूप कंपनी की साख मूल्य में सुधार होगा और वित्त जुटाने में मदद मिलेगी। इससे देश में आने वाले कार्बन मार्केट और कार्बन टैक्स के युग में गेल को भविष्य के लिए तैयार किया जाएगा। यह निर्णय गेल द्वारा अपने सतत विकास लक्ष्यों को बढ़ाने और भारत की व्यापक नेट जीरो प्रतिबद्धताओं के साथ संरेखित करने के लिए किए गए एक व्यापक अध्ययन के बाद लिया गया है। गेल ने प्राकृतिक गैस आधारित उपकरण ों के विद्युतीकरण, नवीकरणीय ऊर्जा, बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस), संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी), ऊर्जा दक्षता, ग्रीन हाइड्रोजन, सीओ2 मूल्य निर्धारण और वनीकरण को शामिल करते हुए एक कार्यनीतिक दृष्टिकोण के माध्यम से इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने की योजना बनाई है।

गेल में, हम सकारात्मक जलवायु कार्रवाई के लिए दृढ़तापूर्वक से प्रतिबद्ध हैं। प्राकृतिक गैस एक स्वच्छ ईंधन है और सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस कंपनी होने के नाते, गेल उद्योगों को ईंधन के रूप में प्राकृतिक गैस में बदलाव द्वारा अपने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने में मदद कर रहा है। इसलिए, गेल के प्रचालन से समग्र पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

भारत सरकार के 'राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन' के अनुरूप, गेल ने प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन (पीईएम) प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए विजयपुर में 4.3 टीपीडी उत्पादन क्षमता वाली 10 मेगावॉट की ग्रीन हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर इकाई की कमीशनिंग की है।

मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि गेल को 2024 के लिए एक बार फिर लंदन स्टॉक एक्सचेंज ग्रुप सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स के एक हिस्से के रूप में एफटीएसई4गुड इंडेक्स सीरीज में शामिल किया गया है, जो तेल गैस क्षेत्र में बेहतर पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) प्रथाओं को प्रदर्शित करता है। इसके अतिरिक्त, गेल ने जलवायु परिवर्तन श्रेणी के तहत सीडीपी ग्लोबल ईएसजी 2023 रेटिंग में "सी" से "बी" तक अपग्रेड होकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

गेल के प्रयास हमारे पारिस्थितिकी पदचिह्न को न्यूनतम करने की दिशा में हैं। गेल द्वारा 500 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ पाता में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज परियोजना का कार्यान्वयन आने वाली पीढ़ियों की समृद्धि के लिए जल सततता को बढ़ाने के लिए हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

निष्कर्ष के तौर पर हमारे कार्य और उपलब्धियाँ सतत परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए गेल की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं से लेकर कार्बन उत्सर्जन को कम करने और समुदायों के साथ जुड़ने के हमारे प्रयासों तक, हम पर्यावरण और समाज पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करने के लिए समर्पित हैं। जैसे–जैसे हम इस यात्रा को जारी रखते हैं, हम सतत विकास को आगे बढ़ाने और हरित भविष्य की ओर बदलाव में उदाहरण प्रस्तुत करने के अपने मिशन में दृढ़ बने रहते हैं। आइए, हम सब मिलकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अधिक स्थायी भविष्य का निर्माण जारी रखें।

गेल अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के तहत, नामित आकांक्षी जिलों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। हमने वर्ष के दौरान सीएसआर गतिविधियों के भाग के रूप में 175.71 करोड़ रुपए के व्यय के साथ 23 आकांक्षी जिलों में कार्यनीतिक सीएसआर परियोजनाएं लागू की हैं।

मेरा मानना है कि यह रिपोर्ट पढ़ने में रोचक होगी और आपको वित्तीय वर्ष 2023–24 में किए गए हमारे प्रयासों की एक झलक मिल सकेगी। मैं एक स्थायी भविष्य को और आगे बढ़ाने के लिए हमारे कार्य पर आपकी बहुमूल्य टिप्पणियों और प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा कर रहा हूं।

**संदीप कुमार गुप्ता**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

# गेल – उपलब्धियाँ

## व्यापार विकास – एक झलक




माननीय केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने 17 राज्यों में 201 सीएनजी स्टेशन और भारत की पहली लघु–स्तरीय एलएनजी इकाई राष्ट्र को समर्पित की






माननीय केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने वाराणसी के रविदास घाट पर नावों के लिए एक फ्लोटिंग री–फ्यूलिंग सीएनजी स्टेशन का उद्घाटन किया।




पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव श्री पंकज जैन द्वारा विजयपुर में 10 मेगावॉट ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का उद्घाटन




विटोल और गेल ने भारत में दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए, इस अवसर पर गेल के निदेशक (विपणन) श्री संजय कुमार और विटोल के सीईओ श्री रसेल हार्डी उपस्थित थे।




गेल, ओएनजीसी और गेल एनर्जी इंडिया ने ईथेन के आयात और गेल एनर्जी टर्मिनल, हजीरा में ईथेन निकासी मूलसंरचना के विकास के अवसरों का पता लगाने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर गेल के निदेशक (व्यापार विकास) श्री राजीव कुमार सिंघल भी उपस्थित थे।




गेल और एडीएनओसी गैस ने भारत के प्राकृतिक गैस उद्योग के विकास को बढ़ावा देने के लिए गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संदीप कुमार गुप्ता की उपस्थिति में एक दीर्घकालिक एलएनजी अनुबंध पर हस्ताक्षर किए

## गेल हरित प्रयास

**यह हरित भविष्य को बढ़ावा देने और सतत विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के प्रति कंपनी के समर्पण का प्रतीक है।**




श्री संदीप कुमार गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल ने गेल जयपुर में वृक्षारोपण का उद्घाटन किया





श्री आयुष गुप्ता, निदेशक (मानव संसाधन), गेल ने गेल बेंगलुरु में वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया, उनके साथ गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संदीप कुमार गुप्ता भी शामिल हुए।


# कार्यनिष्पादन की झलकियां

## वित्तीय निष्पादन – स्टैंडएलोन

















# आर्थिक, पर्यावरणीय, सामाजिक और अभिशासन कार्यनिष्पादन












वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल सीएसआर व्यय 175.71 करोड़ रुपए है, जो पिछले वित्तीय वर्षों के अतिरिक्त व्यय को समायोजित करने के बाद पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का 2.47 प्रतिशत है।




# आर्थिक, पर्यावरणीय, सामाजिक और अभिशासन कार्यनिष्पादन


### प्रति कर्मचारी वर्धित मूल्य (करोड़ रुपए)





### निवेश पर मानव पूँजी रिटर्न (%)




### कुल पर्यावरण व्यय (करोड़ रुपए)




### एनर्जी की लागत (ईंधन के रूप में उपयोग) (करोड़ रुपए)





### बिजली प्रभार (करोड़ रुपए)






### जल प्रभार (करोड़ रुपए)





# आर्थिक, पर्यावरणीय, सामाजिक और अभिशासन कार्यनिष्पादन












# आर्थिक, पर्यावरणीय, सामाजिक और अभिशासन कार्यनिष्पादन


### टर्नओवर के सापेक्ष जीएचजी तीव्रता (स्कोप 1+2+3) (टीसीओ2ई / करोड़ रुपए))




### पानी की खपत (मिलियन घन मीटर)





### जल पुनर्चक्रण/पुनः उपयोग (मिलियन घन मीटर)





### अपशिष्ट पुनर्चक्रण (जोखिम और गैर-जोखिम सहित)




### वृक्षारोपण (संख्या)





### वृक्षारोपण की संचयी संख्या (कार्यस्थल + टाउनशिप) (संख्या)




# आर्थिक, पर्यावरणीय, सामाजिक और अभिशासन कार्यनिष्पादन

## स्थायी कर्मचारी वितरण (संख्या)




निदेशक मंडल (07) को छोड़कर

## स्थायी कर्मचारी वितरण (आयु) (संख्या)





निदेशक मंडल (07) को छोड़कर


## नए स्थायी कर्मचारी (संख्या)




## कुल कर्मचारी टर्नओवर दर (%)




## कुल मूल चूक मामले (संख्या)





## प्रशिक्षण दक्षता स्कोर (%)



# आर्थिक, पर्यावरणीय, सामाजिक और अभिशासन कार्यनिष्पादन


## आरटीआई आवेदन (संख्या)





## एचएसई स्वास्थ्य, संरक्षा और पर्यावरण स्कोर (100 प्रतिशत में से)





## ग्राहक संतुष्टि सूचकांक (100 में से स्कोर)






## सीपीजीआरएएमएस शिकायतें (संख्या)




# प्रचालन निष्पादन


तरल हाइड्रोकार्बन बिक्री (टीएमटी)
1,200
1,000
800
600
400
200
0
1,004
929
998
वित्तीय वर्ष 2022
वित्तीय वर्ष 2023
वित्तीय वर्ष 2024


पेट्रोकेमिकल बिक्री (टीएमटी)
1,000
800
600
400
200
0
790
399
787
वित्तीय वर्ष 2022
वित्तीय वर्ष 2023
वित्तीय वर्ष 2024


एलपीजी ट्रांसमिशन (टीएमटी)
5,000
4,000
3,000
2,000
1,000
0
4,199
4,335
4,396
वित्तीय वर्ष 2022
वित्तीय वर्ष 2023
वित्तीय वर्ष 2024


गैस की मात्रा का रुझान (एमएमएससीएमडी)
140
120
100
80
60
40
20
0
111
96
107
95
120
98
वित्तीय वर्ष 2022
वित्तीय वर्ष 2023
वित्तीय वर्ष 2024
गैस संचरण
गैस विपणन

# वर्ष 2023—24 के लिए गैस सोर्सिंग और क्षेत्र वार कार्यनिष्पादन

## गैस सोर्सिंग और क्षेत्रवार आपूर्ति


(कुल 98.45 एमएमएससीएमडी, प्रतिशत शेयर)

### गैस सोर्सिंग


विदेशी : 50.06 एमएमएससीएमडी
विदेशी

घरेलू गैस : 7.51 एमएमएससीएमडी
घरेलू गैस

आरएलएनजी : 40.88 एमएमएससीएमडी
आरएलएनजी




### क्षेत्रवार गैस आपूर्ति





- आयातित गैस में मुख्य रूप से दीर्घकालिक आरएलएनजी और स्पॉट शामिल होते हैं।
- घरेलू गैस के प्रमुख स्रोत ओएनजीसी (एपीएम और एमडीपी), रावा, रावा सैटेलाइट, सीबीएम आदि हैं।
- उर्वरक, बिजली और सीजीडी कंपनियों से प्राकृतिक गैस की उच्चतम मांग


*अन्य में स्टील, रिफाइनरी, स्पंज आयरन, पेट्रोकेमिकल्स, गेल की आंतरिक खपत आदि शामिल हैं।

# कुल आय के प्रतिशत के रूप में लागत और लाभ


## कुल आय के प्रतिशत के रूप में लागत और लाभ (करोड़ रुपए, प्रतिशत में)




- उपभोग की गई सामग्री की खरीद और लागत 80 प्रतिशत
- कर्मचारी लाभ व्यय 1.5 प्रतिशत
- वित्तीय लागत 0.5 प्रतिशत से कम
- मूल्यह्रास और परिशोधन, 3 प्रतिशत
- बिजली, ईंधन और जल प्रभार, 3 प्रतिशत
- स्टोर और स्पेयर (आर एंड एम खर्च सहित), 1 प्रतिशत
- अन्य व्यय और असाधारण मद, 2 प्रतिशत
- कर व्यय, 2 प्रतिशत
- कर पश्चात लाभ, 7 प्रतिशत




- उपभोग की गई सामग्री की खरीद और लागत 87 प्रतिशत
- कर्मचारी लाभ व्यय 1 प्रतिशत
- वित्तीय लागत 0.5 प्रतिशत से कम
- मूल्यह्रास और परिशोधन, 1.6 प्रतिशत
- बिजली, ईंधन और जल प्रभार, 3 प्रतिशत
- स्टोर और स्पेयर (आर एंड एम खर्च सहित), 1 प्रतिशत
- अन्य व्यय और असाधारण मद, 1 प्रतिशत
- कर व्यय, 1 प्रतिशत
- कर पश्चात लाभ, 4 प्रतिशत




## टिकाऊ कारखानों की ओर




गेल – दाभोल बेंगलुरु पाइपलाइन को सीआईआई – सोहराबजी गोदरेज ग्रीन बिजनेस सेंटर द्वारा ग्रीनको प्लैटिनम रेटिंग के रूप में प्रमाणित किया गया है। यह गेल की पहली इकाई और पाइपलाइन खंड है जिसने प्लैटिनम रेटिंग प्राप्त की है। इस उपलब्धि की एक और महत्वपूर्ण विशेषता इस इकाई द्वारा किया गया पहला प्रयास था जो विभिन्न गतिविधियों को सबसे अधिक स्थायी तरीके से करने के लिए किए गए प्रयासों को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, पिछले वर्षों में विभिन्न गेल साइटों अर्थात विजयपुर, वाघोडिया, पाता, वीएसपीएल, गंधार और झाबुआ को ग्रीनको रेटिंग के लिए प्रमाणित किया गया है।

FTSE Russell

# CERTIFICATE OF MEMBERSHIP

This is to certify that

**Gail India**

is a constituent company in the FTSE4Good Index Series

FTSE4Good

**June 2024**

The FTSE4Good Index Series is designed to identify companies that demonstrate strong environmental, social and governance practices measured against globally recognised standards.

V3.0

गेल (इंडिया) लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम, नई दिल्ली – 110066
वेबसाइट : **www.gailonline.com**